

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 86 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 07 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## मु यमंत्री ने धूमा की घटना पर दुख व्यक्त किया

सिवनी यशोः-मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी जिले के धूमा क्षेत्र थानांतर्गत धपारा गांव में कुएं में डूबकर 3 लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक है, उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से शोकाकुल परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। इस हृदय विदारक दुर्घटना में मृतकों के परिजन को 4 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की जायेगी।

## करीब पांच लाख का मक्का लेकर ट्रक चालक फरार

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के घंसौर में फर्जी ट्रक नंबर देकर करीब पांच लाख का मक्का लेकर ट्रक चालक फरार हो गया। इस मामले की शिकायत गल्ला व्यापारी ने घंसौर थाने में की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गल्ला व्यापारी घंसौर निवासी राहुल जैन ने बताया कि बीते दो दिसंबर को उसने किसानों का करीब पांच लाख का 25 टन मक्का उत्तर प्रदेश के गाजीपुर भेजा था। जब ट्रक नंबर (यूपी442616) में भेजा गया मक्का, गाजीपुर नहीं पहुंचा तो गल्ला व्यापारी ने ट्रक मालिक से बात की। इस पर ट्रक मालिक ने बताया कि उसका ट्रक उसी के पास है और गन्ने के काम में लगा हुआ है। ट्रक मालिक का जवाब सुनकार गल्ला व्यापारी के होश उड़ गए।

गल्ला व्यापारी ने बताया कि ट्रक चालक ने फर्जी नंबर देकर मक्का की हेराफेरी की है। इस मामले में घंसौर थाना प्रभारी चैन सिंह उइके का कहना है कि गल्ला व्यापारी की शिकायत के बाद जांच के लिए पुलिस की टीम भेजी गई है। जांच के बाद ही मामले की सत्यता सामने आएगी।

## खुराना ने मतदाताओ के प्रति किया अभार व्यक्त



सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिले के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में मतदाताओं द्वारा दिए गए जनमत का हम स मान करते हैं। जनता की मुद्दों की लड़ाई जारी रहेगी। विपक्ष की भूमिका का संपूर्ण निर्वहन करेंगे।।

### जबरन नॉलेज




# मध्य प्रदेश में कौन होगा नया मु यमंत्री ? अनेक नामों की चर्चा

**मु यमंत्री के लिये प्रह्लाद पटेल का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है**




सिवनी यशोः-मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बंपर जीत हासिल करते हुये 163 सीटे जीती है । यहाँ बतादें कि इस प्रकार की जीत मध्यप्रदेश में दिग्विजय शासन के आक्रोश के विरोध में 2003 में भाजपा को प्राप्त हुई थी जिसके लिये तत्कालीन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जोशी संगठन महामंत्री कप्तानसिंह सोलंकी, सुश्री उमाभारती एवं युवा तुर्क नेता प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में दिग्विजय सिंह के कुशासन के विरोध में वातावरण तैयार किया गया था और भाजपा को उस समय 173 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज हुई थी और प्रदेश में 42 प्रतिशत मत प्राप्त हुये थे कांग्रेस को महज 38 विधानसभा सीटे प्राप्त हुई थी और 31 प्रतिशत मत प्राप्त हुये थे । जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 2003 के मुकाबले भले ही सीटे कम मिली हो परंतु वोट का प्रतिशत 2003 से अधिक है भाजपा को 2023 के परिणाम में 49 प्रतिशत मत प्राप्त हुये है ।

विधानसभा के शानदार परिणाम आने के तीन दिन बाद भी भाजपा ने नए मु यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं किया है. हालांकि,इस बीच सीएम की कुर्सी के दावेदारों के नाम को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह वाली बीजेपी अमूमन अपने पत्ते अंतिम समय तक नहीं खुलती है, लेकिन फिर भी निवृत्तमान मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई दिग्गज नेताओं के नाम प्रमुखता से लिये जा रहे हैं.कहा जा रहा है कि आजकल में मध्य प्रदेश के मु यमंत्री के नाम का फैसला ले लिया जाएगा ।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी आलाकमान ने इस बार के चुनाव में किसी को भी सीएम फेस प्रोजे ट नहीं किया था. इसलिए सूबे के राजनीतिक हलकों में शिवराज सिंह चौहान के स्थान पर नए नेता को मु यमंत्री की कुर्सी देने की चर्चा चल पड़ी है. हालांकि, कहां जा रहा है कि अभी भी शिवराज सिंह चौहान ही मु यमंत्री की कुर्सी के लिए सबसे बड़े दावेदार हैं । वही अनेक न्यूज एजेंसिया यह बता रही है कि भाजपा तीनों राज्यों में मु यमंत्री पद किसी नये चेहरें को दे सकती है । प्रदेश में नाम सबसे प्रमुख रूप में सामने आ रहा है तो वह है सिवनी जिले से राजनैतिक सफर प्रारंभ करने वाले प्रह्लाद सिंह पटेल का ।

प्रह्लाद सिंह पटेल की राजनैतिक क्षमताओं में लक्ष्य प्राप्त करने की जीवटता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय नेतृत्व ने बहुत बार देखा है 2003 के विधानसभा चुनाव में लगातार पूरे प्रदेश में तत्कालीन कांग्रेसी सत्ता के विरोध में व्यापक माहौल तैयार करने के लिये प्रशासन और शासन से लड़ते हुये लगातार आंदोलन जनसंवाद कर भाजपा के पक्ष में व्यापक जनाधार का पहाड़ खड़ा कर दिया था । श्री पटेल की क्षमताओं को देखते हुये केन्द्रीय नेतृत्व ने मणिपुर की जि मेदारी दी तो वहाँ भी उन्होंने अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग कर भाजपा की जीत का परचम लहराया। हाल ही में हुये विधानसभा चुनाव में महाकोशल के हर क्षेत्र में जनता से संवाद के साथ कार्यकत्ताओं में ऊर्जा का संचार कर बड़ी बढत के लिये परिणामकारी प्रयास किये । मध्यप्रदेश में मु यमंत्री पद के लिये कैलाश विजयवर्गीय, रीति पाठक, नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम प्रमुखता से चल रहे है ।

यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश सहित तीनों राज्यों में मु यमंत्री के नामों पर अटकलों का दौर जारी है। राज्यों की राजधानियों से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को तीनों राज्यों में चुनाव जीतने वाले भाजपा के सांसदों ने इस्तीफे दे दिए। कुल 12 सांसदों ने चुनाव जीता है। अब तक 10 ने इस्तीफा दे दिया है। शेष दो भी जल्द इस्तीफा दे देंगे। माना जा रहा है कि पार्टी किसी भी समय तीनों राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर सकती है। ये पर्यवेक्षक शनिवार या रविवार तक संबंधित राज्य में आएंगे। विधायकों की बैठक होगी और उ मीद की जा रही है कि रविवार तक तीनों राज्यों में मु यमंत्री के नाम का एलान कर दिया जाएगा।

## डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी कांग्रेस ने

सिवनी यशोः- संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अ बेडकर जी की पुण्यतिथि कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन में मनायी गई, बाबा साहेब अ बेडकर जी के छायाचित्र पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा माल्यार्पण किया गया एवं अतुलचंद मालू ने दीप प्रज्जवलन किया एवं उपस्थित कांग्रेस जनो ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण किया गया। तत्पश्चात बाबा साहेब के प्रतिमा स्थल पंहुचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विष्णु करोसिया, मोहनसिंह ठाकुर, गेंदलाल भलावी, राजिक अकील, टिकेन्द्र देशमुख, जिब्राईल अंसारी, सुजीत गोदरे, शिवदीप डेहरिया, रविन्द्र राजपूत की उपस्थिति रही।

## उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में किया गया संभागीय योग ओलंपियाड का आयोजन



सिवनी यशोः- संयुक्त संचालक जबलपुर के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एस. कुमरे के मार्गदर्शन में 5 एवं 6 दिसंबर को संभागीय योग ओलंपियाड का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में किया गया जिसमें जबलपुर नरसिंहपुर छिंदवाड़ा बालाघाट एवं शिवानी के लगभग 80 योग प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एस सी सिंह द्वारा किया गया इस मौके पर जिला कीड़ा अधिकारी मैडम थॉमस प्राचार्य ध्रुवेश्वर जिला योग प्रभारी गहलोत सर के साथ पीटीआई प्रदीप वर्मा अश्वनी तिवारी भावना गायकवाड DEO ऑफिस से अनुराग तिवारी एवं उत्कृष्ट विद्यालय पीटीआई श्री अनिल सिंह राजपूत का प्रतियोगिता को संपन्न कराने में विशेष योगदान रहा

## एक ही आंगन से उठी तीन अर्थिया, गमगीन माहौल में नम आखों से दी अंतिम विदाई

***परिजनों का रोरो कर बुरा हाल***



सिवनी यशोः- गमगीन माहौल के बीच एक ही आंगन से निकली तीन अर्थिया जिसे देखकर आम लोगों के दिल भी दहल उठे जहां पर कल शाम पिता पुत्र एवं बेटी के एक दुसरे को बचाने के चक्कर कुआँ मे गिर जाने से मोत हो गयी बही अन्य एक व्यक्ति ने भी उस संघर्ष के दोरान व मुश्किल से अपनी जान बचा पाया कल शाम हुई हृदय विदारक घटना में लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये जिसमे संपूर्ण जिले सहित के सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि प्रेषित की वही मध्य प्रदेश शासन के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शासन की ओर से चार चार लाख रुपये के सहयोग की वात कही, पी सी सी चीफ कमलनाथ, क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र सिंह बाबा ने हर संभव मदद दिलाने का भरोसा जताया , फग्गन सिंह कुलस्ते सहित सभी पार्टियो के जनप्रतिनिधियो ने अपनी संदेदनाए पीड़ित परिवार के प्रति व्यक्ति की वही धूम क्षेत्र के बड़ी सं या में उपस्थित लोगों ने अपनी उपस्थिति के साथ शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और बड़ी सं या में पहुंचे

**क्षेत्र मे पसरा रहा सन्नाटा, मायूस रहे स्कूली छात्र**

नगर के होनहार किशान के साथ उनके बेटा बेटी का सुबह 11ः00 बजे सुभाष साहू उनके पुत्र अर्पित साहू एवं पुत्री अर्पिता साहू के शव को उक्त घटना के बाद लखनादौन स्वास्थ्य केंद्र से शव परीक्षण उपरांत धूमा लाया गया जिनकी अंतिम शव यात्रा मे बड़ी सं या में लोग उपस्थित लोगों की आखे भर आई धूमा सीएम राइस स्कूल के छात्र अर्पित साहू एवम कन्या हाई स्कूल की छात्रा अर्पिता साहू को स्कूल प्रांगण मे मोन श्रद्धांजलि दी जिनका स्कूल स्टाफ अंतिम संस्कार में शामिल हुआ बही नोनिहाल के मित्र भी दुखी मन से रोते बिलखते रहे जिनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था जिसे देख धूमा मोहगांव सहित क्षेत्र के लोग का दिल भर आया एक की घर के आँगन से तीन लोगों का अचानक से चले जाना परिजनों के लिए कोई बज्रघात से कम नही घर मे शेष बची माँ का रोना बिलखना देख कर लोग अपने आशु नही रोक पाये,जैसे ही उक्त घटना की सूचना लोगों तक पहुंची लोगों का हुजूम बड़ी सं या में घटनास्थल पर पहुंचा जहां पर की स्थानीय मछुआरों धूमा थाना प्रभारी आशीष जैतवार पुलिस स्टाफ,सहित नगर के लोग के सहयोग से बाहर निकाला गया बड़ी सं या में उपस्थिति जनो द्वारा शवो को निकाल कर तुरंत लखनादौन स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया

## राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 09 दिस बर को

सिवनी यशोः- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकारण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन 09 दिस बर को 2023 को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। नेशनल लोक अदालत में नगरपालिका निगमों/ नगरपालिका परिषद एवं विद्युत से संबंधित प्रकरणों में मिलेगी छूट में जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर दिनांक 09 दिस बर को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में भी राजीनामा के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

इस संबंध में श्रीमान विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी ने बताया कि नगर पालिका निगम अधिनियम 1966 की धारा 162 व 163 तथा म.प्र. नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 130, 131 तथा 132 में निहित शक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन द्वारा स पतिकर अधिभार जल उपभेक्ता प्रभार में नि न शर्तो के साथ छूट प्रदान की जा रही है, यह छूट उन निकायों में प्रभावशील नहीं होगी जहां निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हैः-

संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 50,000/-तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 10,000/- तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक की छूट। संपत्ति कर के ऐसे करण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 50,000/- से अधिक तथा रू. 100000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट।जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 10000/- से अधिक तथा रू. 50000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट।संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 100000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट। जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रू. 50000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किश्तों में जमा करायी जावेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जाना अनिवार्य होगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं यमितताओं के प्रकरण में भी राजीनामा के आधार पर निपटारा किया जाएगा। विद्युत अधिनियम की 135 एवं 126 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में छूट दिए जाने आदेष जारी किया गया है। जिसके अनुसार न्यायालय में लंबित प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक 6 माही चक्रवृद्धि अनुसार 16 प्रतिशत की दस से लगने वाले व्याज की राशि में 100 प्रतिषत की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे प्रकरण जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश की तिथि से 30 दिवस के पश्चात् प्रत्येक 6 माही लगने वाले चक्रवृद्धि व्याज की राषि में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय सिवनी द्वारा समय समय पर प्रकरणों में राजीनामा करने हेतु न्यायाधीशगणों, अधिवक्तागणों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अधिक जानकारी के लिए -कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, सिवनी फोन नंबर- 299004 पर संपर्क करें

## उपार्जन व्यवस्थाओं की कले टर श्री सिंघल ने की समीक्षा



सिवनी यशोः- समर्थन मूल्य में किये जा रहे धान उपार्जन की व्यवस्थाओं को लेकर कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने उपार्जन से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी से स्थापित उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं के सदर्भ में जानकारी देते हुये निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटे, बारदाने,सिलाई मशीन एवं मजदूरों की व्यवस्थाओं के साथ-साथ किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधाऐं उपलब्ध कराई जाये। इसी तरह एफऐ यू मानकों का प्रचार-प्रसार हो, समितिवार पंजीकृत किसानों से संपर्क कर सभी से स्कंद को सुखाकर एवं साफ करके ही उपार्जन केन्द्र लाने की अपील की जाये।

कले टर श्री सिंघल ने अधिकारियों को उपार्जन व्यवस्था को लेकर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम से प्रतिदिन उपार्जन केन्द्रों में संपर्क कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जाये ताकि उपार्जन केन्द्रों की बारदाना, परिवहन संबंधि आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर तत्काल कार्यवाही की जा सके एवं अन्य उपार्जन संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। कले टर श्री सिंघल ने स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया का भी प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

कले टर श्री सिंघल ने बीज-खाद्य की उपलब्धता के संबंध में भी उपसंचालक कृषि से जानकारी प्राप्त कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में कहीं भी यूरिया एवं डी ए पी के वितरण एवं भंडारण में कोई भी समस्या न हो किसानों की आवश्यकतानुरूप उन्हें समय-समय पर उर्वरक प्राप्त होता रहे। उन्होंने आगामी आवश्यकता का पूर्व आकलन कर उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। उक्त बैठक में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, जिला आपूर्ति अधिकारी, प्रबंधक नागरिक आपूर्ति, उपसंचालक कृषि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नदीय संपदा योजना अंतर्गत जनहित में तीन लाख मत्स्य बीज छोड़े गए



केवलारी यशोः- नगर के आस पास बह रही बैनगंगा सागर नदी में मछली के लगभग तीन लाख बीज छोड़े गए। ढीमर समाज के संजय सिंगराहा जो कि हमेशा सामाजिक उत्थान संबंधी कार्यो में हमेशा अग्रसर रहते हैं उन्होंने बताया कि नदीय संपदा योजना अंतर्गत मत्स्य बीज संचयन किया गया , इस कार्यक्रम में नगर के युवा पार्षद भाई प्रशांत तिवारी उर्फ मोनू , कमलसिंह ठाकुर , अमित तिवारी , पार्षदपति सेवकराम साहू , राघव दिवेदी , रफीक खान सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। विगत कुछ वर्षो से संजय सिंगराहा अध्यक्ष ढीमर समाज विधान सभा क्षेत्र केवलारी के अथक प्रयासों से ऐसे सामाजिकहित के कार्य किए जाते हैं ।जिससे मछुआ ढीमर समाज का केवलारी विधान सभा क्षेत्र में निवासरत वनसानुगत मछुआरों को रोजगार मिल रहा है संजय सिंगराहा ने बताया कि जिला उपसंचालक के. एल. मरावी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों में मुकुंदराव बांसोडकर सहायक मत्स्य अधिकारी केवलारी , रजनीश कुशराम मत्स्य बीज प्रक्षेप जेवनारा इनकी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रक्षेप अधिकारी रजनीश कुशराम ने बताया कि आज दिनांक 06/12/23 को जिला मत्स्युद्योग सिवनी के अंतर्गत केवलारी विकास खंड क्षेत्र में मत्स्य बीज प्रक्षेप जेवनारा से नदीय संपदा अंतर्गत विभिन्न गहरे डहों जिसमे बैनगंगा नदी रिपटा घाट, रेल्वे क्रासिंग घाट, आकम घाट , मंदिर घाट कोहका , संगम घाट केवलारी , हिररी संगम घाट सरेखा , सागर नदी में धनागढ़ा घाट , केवट घाट , रामघाट , थांवर घाट में तीन लाख मछली बीज छोड़ा गया।

# नेपाल पुनः एक हिंदू राष्ट्र बने, यह भारत के हित में होगा

**नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही**

नेपाल एक बहुत खूबसूरत दक्षिण एशियाई राष्ट्र है। नेपाल के उत्तर मे तिब्बत है तो इसके दक्षिण, पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमाएं लगती हैं। नेपाल के 81.3 प्रतिशत नागरिक सनातन हिन्दू धर्म को मानते है। नेपाल पूरे विश्व में प्रतिशत के आधार पर सबसे बड़ा हिन्दू धर्मावल बी राष्ट्र है। नेपाल की राजभाषा नेपाली है और नेपाल के निवासियों को नेपाली कहा जाता है। वर्तमान नेपाली भू-भाग अठारहवीं शताब्दी में गोरखा के शाह वंशीय राजा पृथ्वी नारायण शाह द्वारा संगठित नेपाल राज्य का एक हिस्सा है। नेपाल की अंग्रेजों के साथ हुई तात्कालीन विभिन्न सन्धियों के अंतर्गत नेपाल को वर्ष 1814 में एक तिहाई नेपाली क्षेत्र ब्रिटिश इण्डिया को देना पड़ा था और आज इस क्षेत्र का भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में विलय हो चुका है।

ऐसा कहा जाता है कि नेपाल शब्द %ने% नामक ऋषि तथा 'पाल' अर्थात गुफा से मिलकर बना है। ऐसा भी माना जाता है कि एक समय नेपाल की राजधानी काठमांडू 'ने' नामक ऋषि का तपस्या स्थली थी। अतः %ने% नामक ऋषि द्वारा पालित होने के कारण इस भूखण्ड का नाम नेपाल पड़ा। नेपाल के पूर्णतः सनातन हिंदू धर्म से जुड़े होने के कई प्रमाण इतिहास में भी मौजूद हैं। 5,500 वर्ष ईसा पूर्व महाभारत काल में जब माता कुन्ती पुत्र पांच पाण्डव स्वर्गलोक की ओर प्रस्थान कर रहे थे उसी समय पाण्डुपुत्र भीम ने भगवान महादेव को दर्शन देने का आह्वान करते हुए विनती की थी। तभी भगवान शिवजी ने उन्हें एक लिंग के रुप में दर्शन दिये थे जो आज ÷पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग÷ के नाम से पूरे विश्व के हिंदुओं के लिए एक धार्मिक आस्था का स्थल माना जाना जाता है। इसी प्रकार नेपाल स्थित जनकपुर में भगवान श्रीरामपत्नी माता सीताजी का जन्म 7,500 वर्ष ईसा पूर्व होने का जिक्र भी इतिहास में मिलता है। सिद्धार्थ गौतम (ईसापूर्व 563ङ्क483) शो य वंश के राजकुमार थे, उनका जन्म नेपाल के लु बिनी में हुआ था, जिन्होंने अपना राज-पाट त्याग कर तपस्वी का जीवन निर्वाह किया और कालांतर में वह भगवान बुद्ध बन गए थे।



नेपाल में सामाजिक जीवन की मान्यता, विश्वास और संस्कृति सनातन हिन्दू धर्म की भावना पर आधारित है। साथ ही, धार्मिक सहिष्णुता और जातिगत सहिष्णुता भी नेपाल की अपनी मौलिक संस्कृति का एक हिस्सा है। नेपाल में मनाए जाने वाले विभिन्न धार्मिक उत्सवों पर वैष्णव, शैव, बौद्ध, शो य आदि धर्मों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। किसी भी एक धार्मिक पर्व को धर्मावल बी विशेष का कह सकना और अलग कर पाना बहुत मुश्किल कार्य है। सभी धर्मावल बी आपस में मिल जुलकर सभी उत्सवों को उल्लासमय वातावरण में मनाते हैं। नेपाल, मार्च 2006 तक, एक हिंदू राष्ट्र ही था और नेपाल में आज भी 80 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदूओं की ही है। परंतु, नेपाल में चीन की शह पर माओवादी आंदोलन की सफलता के बाद, राजनैतिक उठापटक के चलते, नव बर 2006 में माओवादी और सात अन्य राजनैतिक दलों के गठबंधन के बीच एक ऐतिहासिक व्यापक शांति समझौता हुआ था, जिसके परिणाम स्वरूप नेपाल में अंतरिम सरकार बनी थी और वर्ष 2006 में नेपाल में 240 वर्षों की राजशाही को समाप्त करते हुए एक अंतरिम संविधान लागू किया गया था जिसके अंतर्गत नेपाल के हिंदू राष्ट्र के दर्जे को समाप्त करते हुए इसे एक धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर दिया गया था।

हालांकि पूरे विश्व में ही सामान्यतः देश की बहुसं यक आबादी के धर्म के आधार पर देश को दर्जा प्रदान किया जाता है। आज पूरे विश्व में लगभग 57 देशों में इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसं या के आधार पर इन देशों ने अपने आप को मुस्लिम देश घोषित किया हुआ है। परंतु नेपाल एवं भारत में हिंदू बहुसं यक (लगभग 80 प्रतिशत) आबादी होने के बावजूद अपने आप को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं कर सके हैं और इसके परिणामस्वरूप आज पूरे विश्व में एक भी हिंदू राष्ट्र नहीं है। यह निश्चित रूप से सनातन हिंदू धर्म को मानने वाली पूरे विश्व की लगभग 120 करोड़ जनसं या के साथ सरासर अन्याय है।

विशेष रूप से अगर नेपाल की बात की जाय तो वहां पर इस्लाम मजहब को मानने वाले मतावलंबियों की जनसं या मात्र 5 प्रतिशत के आसपास ही है और जब नेपाल एक हिंदू राष्ट्र था तब भी इसके हिंदू राष्ट्र होने में मुस्लिमों को कोई आपत्ति नहीं थी एवं अब जब नेपाल को एक बार पुनः हिंदू राष्ट्र बनाए की मांग जोर पकड़ने लगी है तब भी मुस्लिमों को कोई आपत्ति नहीं है। नेपाल में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, यहां मुस्लिम आबादी 11 लाख 62 हजार 370 है। यह सं या नेपाल की कुल आबादी का केवल चार से पांच प्रतिशत के बीच है। अभी नेपाल की कुल आबादी 2 करोड़ 86 लाख है। नेपाल के 97 प्रतिशत मुसलमान तराई क्षेत्र में रहते हैं और तीन प्रतिशत काठमांडू के अलावा पश्चिमी पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। नेपाल में तराई क्षेत्र की कुल आबादी का 10 प्रतिशत हिस्सा मुसलमानों का है।

साथ ही साथ, नेपाल में अब राजतंत्र की वापसी की मांग भी लगातार जोर पकड़ती जा रही है। इसके लिए नेपाल में वहां की जनता द्वारा हजारों की सं या में बाकायदा जोरदार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। नेपाल में राजनीतिक दलों का भी अब कहना है कि देश में लोकतंत्र की रक्षा तथा राजनीतिक स्थिरता के लिए संवैधानिक राजशाही तथा हिंदू राष्ट्र की बहाली के अलावा कोई विकल्प नहीं है। फिर नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र घोषित ` यों नहीं किया जाना चाहिए।

दरअसल नेपाल की राजनीति वहां की वामपंथी विचारधारा वाले दलों एवं अन्य दलों के इर्द गिर्द घूमती रहती है। वामपंथी विचारधारा वाले दलों को चीन से जबरदस्त समर्थन प्राप्त होता है और जब भी वामपंथी विचारधारा वाले दलों को नेपाल में बहुमत प्राप्त होता है वे राजशाही को समाप्त कर नेपाल को एक धर्मनिरपेक्ष देश बनाए रखने की बात करते रहते हैं। नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा भी इसी विचारधारा के अंतर्गत समाप्त कर दिया गया था। साथ ही, नेपाल यदा कदा चीन की शह पाकर भारत विरोधी रूख भी अपना लेता है। पूर्व में भी ऐसा कई बार हो चुका है, विशेष रूप से जब जब वहां वामपंथी विचारधारा वाले दलों को सत्ता प्राप्त हुई है।

हाल ही में वर्ष 2018 में भी नेपाल के प्रधानमंत्री श्री केपी शर्मा ओली और पूर्व प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टी द्वारा मिलकर एकीकृत क युनिस्ट पार्टी बनाई गई थी और ऐसा कहा जाता है कि दोनों दलों को एक करने में चीन ने बड़ी भूमिका निभाई थी। परंतु दो साल बाद ही दोनों दलों के रास्ते अलग अलग हो चुके हैं। कुल मिलाकर चीन के सहयोग से नेपाल में राजनैतिक उठापटक के चलते ही नेपाल का हिंदू राष्ट्र का दर्जा समाप्त किया गया था।

परंतु अब वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन इंटरनेशनल की सचिव अस्मिता भंडारी का कहना है कि नेपाल की एक पुरानी संस्कृति है। सनातन से नेपाल एक हिंदू राष्ट्र रहा है। नेपाल में हिंदू राजा ही राज्य करते रहे हैं और उस दौर में देश में नागरिक बहुत सुखी एवं स पन्न रहते थे। अब तो नेपाल के विभिन्न हिंदू संगठनों के साथ-साथ सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी भी लोकतंत्र की बजाए हिंदू राष्ट्र का ही समर्थन कर रही है। इस प्रकार विभिन्न राजनैतिक दल भी अब नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र बनाए जाने का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेता श्री दीपक भंडारी का कहना है कि नेपाल में चूंकि 82 प्रतिशत आबादी हिन्दुओं की है अतः नेपाल को पुनः हिंदू राष्ट्र बनाया जाना चाहिए। नेपाल की पूरे विश्व में पहचान भी एक हिंदू राष्ट्र के रूप में ही रही है। परंतु नेपाल की क युनिस्ट पार्टी अभी भी नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने का विरोद्ध कर रही है और उनका कहना है कि नेपाल में हम सभी धर्मों को बराबरी का दर्जा देते है और कुछ लोग हिंदुत्व के बहाने दोबारा से नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं, इसका हम पुरजोर विरोद्ध करते हैं।

नेपाल का पुनः एक हिंदू राष्ट्र बनना भारत के भी हित में हैं ` योंकि एक तो इससे नेपाल में किसी भी राजनैतिक दल के लिए भारत विरोधी रूख अपनाना आसान नहीं होगा। दूसरे, भारत और नेपाल का कालांतर में एक तरह से साझा इतिहास रहा है तथा दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत भी एक ही है तो इसके चलते नेपाल एक हिंदू राष्ट्र के रूप में अपने आप को सदैव ही भारत के करीब महसूस करता रहेगा। तीसरे, नेपाल के पुनः हिंदू राष्ट्र बनने के बाद वह चीन को अपना करीबी मित्र बनाने में अपने आप को असहज महसूस करेगा। वैसे अब यह नेपाल को भी समझ में आने लगा है कि उसके आर्थिक एवं राजनैतिक हित भारत से अच्छे स बंध बनाए रखने में ही सधे रहेंगे न कि चीन के साथ अपनी मित्रता बढ़ाने से। चीन ने अभी हाल ही में जिस प्रकार श्रीलंका को आर्थिक परेशानी में डाल दिया है, इसको देखकर अब नेपाल भी सचेत होता दिखता है।

## धुआंधार में कूदी महिला 600 मीटर तक बही

जबलपुर। भेड़ाघाट थानांतर्गत धुआंधार की धार में मंगलवार की सुबह एक महिला ने छलांग लगा दी। महिला पानी के बहाव के साथ तेजी से बहने लगी, तो वहां तैनात भेड़ाघाट थाने के प्रधान आरक्षक हरिओम वैश्य और गोताखोरों ने महिला को काफी मशक्कत के बाद पानी से निकाला। उसे प्राथमिक उपचार के बाद स्वजनों के साथ जाने दिया गया।

**वह धुआंधार को देख रही थी**

महिला सुबह के वक्त भेड़ाघाट पहुंची। वह धुआंधार को देख रही थी। कोई कुछ समझ पाता, इसके पूर्व महिला ने धुआंधार से छलांग लगा दी। वह पानी में पहले तो नीचे तक गई और फिर ऊपर आकर बहने लगी। यह देख वहां चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनते ही हवलदार हरिओम वैश्य गोताखोर गुरु भूमिया और आशीष भूमिया के साथ वहां पहुंचे।

**50 फीट ऊपर लाया गया**

हवलदार ने जहां रस्सा संभाला, वहीं दोनों गोताखोरों ने नर्मदा में छलांग लगाई। तब तक महिला लगभग 600 मीटर तक बह गई थी। गोताखोरों ने उसे पानी में तलाशा और किनारे लाए। जिसके बाद रस्से के सहारे उसे पानी से लगभग 50 फीट ऊपर लाया गया।

## 2000 के नोट बदलवाने प्रदेशभर से भोपाल पहुंच रहे हैं लोग



भोपाल। दो हजार रुपए के नोट बदलवाने के लिए प्रदेश के अन्य शहरों से लोग भोपाल पहुंच रहे हैं। अरेरा हिल्स स्थित भारतीय रिर्जव बैंक में सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं। लोग अपने सभी काम छोड़कर नोट बदलवाने के लिए परेशान हैं। नोट बदलवाने के लिए यहां सुबह छह बजे से लाइन लग रही हैं।

बता दें कि बैंक से दो हजार के नोट के बदले उन्हें 10-20 रुपये के सिक्के दिए जा रहे हैं, जिनका वजन 10 से लेकर 15 किलो तक होता है, जिन्हें लोग गठरी बनाकर ले जा रहे हैं। दो हजार के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा शुरुआत में 30 सितंबर तक देश की सभी बैंक शाखाओं में थी, जिसे बाद में सात अ टूबर तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन त्योहार के चलते या किसी कारणवश लोग नोट बदलवाना भूल गए थे।

तब वे किसी भी बैंक में अपने खाते में रुपए जमा कर सकते थे। ये सुविधा 19 मई से भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में भी उपलब्ध थी। 19 मई तक चलन में मौजूद दो हजार नोटों में से 97.26 प्रतिशत वापस आ गए हैं।

**दो दिनों तक रुकना पड़ रहा नोट बदलवाने के लिए**

पूरे प्रदेश के लोग भोपाल पहुंच रहे हैं। इनकी सं या एक हजार से 15 तक पहुंच जा रही है। ये सुबह छह बजे से कतार में लग जाते हैं। इसमें महिलाओं और पुरुषों की एक ही कतार लगाई जा रही है, लेकिन एक दिन में सिर्फ 500 टोकन ही दिया जा रहा है, जिससे दूर से आने वाले लोगों को किसी परिचित के यहां तो होटलों में रात गुजारनी पड़ रही है। यानी नोटों को बदलवाने के लिए उन्हें एक से दो दिन का समय लग रहा है।

**नोट बदलने के लिए लगे एजेंट, ले रहे मोटी रकम**

लोगों ने बताया कि नोट बदलवाने के लिए एजेंट भी सक्रिय हो गए हैं। वे एक बार में तीन से चार लोगों के नोट बदलवा रहे हैं। बैंक में भी उन्हें ही प्राथमिकता दी जा रही है। सीधी से आए विनय पांडे ने बताया कि यहां नोट बदलवाने में काफी परेशानी हो रही है। मैं सुबह आया हूं, लेकिन मेरे नोट नहीं बदल पाए इसलिए कल का इंतजार करना पड़ेगा। पहले टोकन के लिए लाइन लगाती पड़ती है।

इसके बाद नोट बदलवाने के लिए अलग से लाइन में खड़ा होना पड़ता है, जिसमें सात से आठ घंटे लग रहे हैं। वहीं रामस्वरूप ने बताया कि मैं दो दिन पहले ग्वालियर से आया हूं, लेकिन अभी तक टोकन नहीं मिला। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अन्य लोगों ने भी बताया कि अंदर मौजूद अधिकारी उन्हें रुपए खाते में ट्रांसफर करने या फिर चिल्लर देने की बात कह रहे हैं। ज्यादातर लोग रुपए ट्रांसफर करने के बजाय सिक्के ही लेकर जा रहे हैं।

## स्वामी रामभद्राचार्य महाराज का अमृत कलश उज्जैन पहुंचा यहां की मिट्टी और जल अयोध्या लेकर जाएंगे



**अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को भव्य रूप से की जाएगी, लेकिन इसके पहले श्री तुलसी पीठाधीश्वर पद्म विभूषण जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के अमृत जन्म महोत्सव के पूर्व संपूर्ण भारत में दो रथों के माध्यम से रथ यात्रा निकाली जा रही है। जो की देशभर के 75 प्रमुख तीर्थ स्थलों से इस धारा की पावन मिट्टी और तीर्थ का पवित्र जल एकत्रित कर 26000 किलोमीटर होते हुए 14 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी।**

उज्जैन। बीकानेर से शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए उज्जैन पहुंची। जहां इस रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और टावर चौक पर एक कार्यक्रम के दौरान उज्जैन की पावन मिट्टी और माँ शिप्रा का जल रथ यात्रा के साथ चल रहे डॉ विवेक उपाध्याय, तिलक दुबे, सद्गुरु तिवारी, शांतनु शु ला और अन्य साधु संतों को भेंट किया। यात्रा संयोजक महेश परयानी ने जानकारी देते बताया कि अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पूर्व श्री तुलसी पीठाधीश्वर पद्म भूषण जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य महाराज के द्वारा हनुमान सेवा ट्रस्ट के माध्यम से एक भव्य रथ यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है। जोकि बीकानेर से होते हुए उज्जैन पहुंची। जहां यात्रा का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

**बीकानेर से यात्रा को किया गया था रवाना**

श्री परयानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 नवंबर 2024 को जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के द्वारा बीकानेर से इस यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया गया था। जिसके बाद यह यात्रा हरिद्वार, गाजियाबाद, मथुरा और भोपाल से होते हुए उज्जैन पहुंची। उज्जैन में इस यात्रा का स्वागत उज्जैन दक्षिण के विधायक डॉ मोहन यादव, विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अखिलेश कुमार पांडे, महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता और संत सत्कार समिति के प्रमुख प्रकाश चित्तौड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**साधु संतों का किया गया स्वागत**

जिन्होंने पहले अमृत रथ यात्रा के साथ चल रहे। साधु संतों का स्वागत स मान किया और उसके बाद मां शिप्रा के जल के साथ उज्जैन की पावन माटी को साधु संतों को भेंट किया गया। अमृत महोत्सव रथ यात्रा की उज्जैन में जि मेदारी संभाल रहे समाजसेवी गोपाल बलवानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनो ने रथ का पूजन अर्चन कर महाआरती की। इस दौरान बड़ी सं या में शहरवासी उपस्थित रहे।

**22 जनवरी हमारे लिए गौरव का दिन**

अमृत महोत्सव रथ यात्रा के दौरान उपस्थित साधु-संतों और उपस्थितजनों ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि 22 जनवरी 2024 हमारे लिए गौरव का दिन है, ` योंकि इस दिन के लिए हमें सालों का संघर्ष करना पड़ा। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के जन्मदिन के पहले देशभर में यह यात्रा अमृत महोत्सव रथ यात्रा के रूप में निकाली जा रही है, जिसे निकालने का मु य उद्देश्य देशभर के 75 प्रमुख तीर्थस्थलों की पावन मिट्टी और जल का एकत्रिकरण करना है।

## रैन बसेरा में रहने वाले नागरिकों की सेहत की होगी जाँच - मु यमंत्री चौहान

**मु यमंत्री चौहान ने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया**

**भोजन की गुणवत्ता भी देखी सर्दी से बचाव के लिसे गरम वस्त्र और अलाव के इंतजाम देखे**



भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी के दो रैन बसेरों में नागरिकों के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने आज रात्रि पहले यादगार ए शाहजहांनी पार्क के पास स्थित रैन बसेरे पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने यहाँ रह रहे नागरिकों से रहवास व्यवस्था और सर्दी से बचाव के लिए गरम कपड़ों की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। रैन बसेरा पहुँचने पर वहाँ के रहवासियों ने मु यमंत्री श्री चौहान का मामा-मामा कह कर हर्ष-ध्वनि से स्वागत किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल शहर सहित प्रदेश के अन्य नगरों के रैन बसेरों में रह रहे नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था होगी। बड़े शहरों में कार्य के लिए आने वाले नागरिक दिन में व्यस्त रहते हैं इसलिए रात्रि के समय डॉ टर्स टीम स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आएगी। सामान्य रोगों सहित गंभीर रोगों की पहचान होने पर उपचार की व्यवस्था जरूरी की जाएगी। मु यमंत्री ने कहा कि रैन बसेरे के निकट अलाव और लकड़ियों का प्रबंध कर नागरिकों को शीत से बचाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने सागर के भूपेंद्र साहू, होशंगाबाद के दशरथ प्रसाद, जबलपुर के दीपक, भोपाल के सुरेंद्र शर्मा और ललितपुर (उत्तरप्रदेश) के बाबूलाल कुशवाहा से चर्चा कर इंतजामों की जानकारी ली। यहां मु यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को उपलब्ध करवाए जा रहे भोजन को चख कर, गुणवत्ता भी देखी। रैन बसेरे में करीब 400 बिस्तर क्षमता है। आज यहाँ लगभग 200 नागरिक रह रहे हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने हमीदिया चिकित्सालय परिसर में स्थित रैन बसेरे का अवलोकन किया और नागरिकों के लिए बिस्तर, गरम कपड़ों और भोजन की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। मु यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों से बातचीत भी की। नरसिंहपुर जिले के श्री दलपत सिंह यादव और भोपाल के सोनू ने बताया कि उन्हें रैन बसेरे में जरूरी सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। हमीदिया अस्पताल के इस रैन बसेरे में प्रेरणा सेवा ट्रस्ट से भी भोजन व्यवस्था में सहयोग प्राप्त होता है। कुल 66 बिस्तर क्षमता के रैन बसेरे में आज 23 नागरिक व्यवस्थाओं का लाभ ले रहे हैं।

## राज्यपाल पटेल से भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी मिले

### विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौपी



भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश के मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन और भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री अमित कुमार ने राजभवन में आज भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल को अधिकारी द्वय द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों के नवनिर्वाचित विधायकों की अधिसूचना सौपी गई।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का आयोग के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। श्री पटेल को आयोग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, अपर मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, भारत निर्वाचन आयोग के अवर सचिव श्री प्रफुल्ल अवस्थी, अधिकारी और पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## या मंत्रिमंडल में खत्म होगा सिवनी का सूखा

## प्रस्तावित सतपुड़ा संभाग में केवल सिवनी जिले में हैं मंत्री पद के दावेदार

सिवनी यशोः- प्रदेश में पांचवीं बार भाजपा प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाने जा रही है जिसमें सरकार के मुखिया सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों का चुनाव होना बाकी है। प्रदेश के लगभग हर जिले को मंत्रिपरिषद में अपने प्रतिनिधित्व की आशा है। ऐसे में सिवनी छिंदवाड़ा और बालाघाट जिलों को मिलाकर प्रस्तावित सतपुड़ा संभाग के लोगों को भी आशा है ।कि इस बार इस प्रस्तावित संभाग से मंत्री मंडल में किसी विधायक को शामिल किया जाएगा। तीन में से एक छिंदवाड़ा ज़िले में भाजपा का एक भी विधायक नही है ।जबकि दूसरे ज़िले बालाघाट से दो विधायक चुने गए हैं जो दोनों पहली बार निर्वाचित हुए हैं इनमें कटंगी से पहली बार निर्वाचित गौरव सिंह पारधी और लांजी से पहली बार विधायक बने राजकुमार करहि हैं। इस के विपरीत सिवनी से भाजपा के दो विधायक बने हैं जो दोनों तीसरी बार के विधायक हैं उनमें से एक अनुसूचित जनजाति वर्ग के बरघाट से निर्वाचित कमल मर्सकोले हैं तो दूसरे सिवनी से निर्वाचित ओ बी सी वर्ग के दिनेश राय मुनमुन हैं। ज्ञातव्य है कि जब से शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के मुखिया बने हैं उन्होंने ज़िले के किसी भी विधायक को मंत्री नही बनाए जबकि इस दौरान डा ढालसिंह बिसेन , श्रीमती नीता पटेरिया,नरेश दिवाकर और श्रीमती शशि ठाकुर जैसे वरिष्ठ विधायक मौजूद थे। श्री चौहान के गत कार्यकाल में दूसरी बार निर्वाचित दिनेश राय के होते हुए भी पड़ोसी बालाघाट जिले से दो दो मंत्री बनाए गए किंतु सिवनी जिले में मंत्री पद का सूखा बरकरार रहा। अब जबकि दोनों पड़ोसी जिलों की तुलना में सिवनी जिले की वजनदारी प्रबल है ऐसे में सिवनी जिले को प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना बलवती हो गई है। और यह इस ज़िले का अधिकार भी बनता है। ऐसे में ज़िले से किसी एक या दोनों विधायकों को यदि मंत्री बनने का अवसर प्राप्त होता है । तो उन के कंधों पर न केवल प्रस्तावित संभाग के तीनों जिलों के विकास का दायित्व होगा ।वरन नए प्रस्तावित संभाग को आकार दिलाए जाने की महती जि मेदारी भी होगी।

# कमलनाथ को आलाकमान ने नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने के दिये निर्देश ?



सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बुरी तरह हार के बाद कांग्रेस प्रदेश पद से कमलनाथ का इस्तीफा मांगे जाने की खबर है हालांकि इस संबंध में कोई अधिकृत जानकारी कांग्रेस के ओर से नहीं दी गयी है परंतु राष्ट्रीय स्तर पर सूत्रों के हवाले से जानकारी प्रकाशित हो रही है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद दिल्ली पहुंचे कमलनाथ ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की है। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार शाम साढ़े सात बजे दिल्ली में खरगे के आवास पर हुई बैठक में कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल भी शामिल हुए। इस दौरान पार्टी हाईकमान ने कमलनाथ को मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने और नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने का निर्देश दिया। सूत्रों का कहना है कि पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ कभी भी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

यहाँ बता दें कि कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में करारी हार हुई है कमलनाथ के प्रभाव वाले महाकौशल में ही कांग्रेस की दुर्गती हुई है ।

यहाँ बता दें कि महाकौशल क्षेत्र में कमलनाथ का व्यापक प्रभाव है यहाँ विधानसभा की 38 सीटे है जिसमें से भाजपा को 21 सीटे और कांग्रेस को केवल 17 सीटे प्राप्त हुई है इन 17 में से 07 कमलनाथ के गृह जिले छिंदवाड़ा की है जबकि कांग्रेस को 2018 के विधानसभा चुनाव में महाकौशल से 24 सीटे प्राप्त हुई थी ।

**दिग्विजय सिंह भी हुये फेल**

प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह जिन्हें एक वर्ष पहले प्रदेश की लगातार हार रही सीटों को जिताने की जि मेदारी दी गयी थी वह प्रदेश की लगातार हार रही सीटो पर जीत दिलाना तो दूर अपने भाई भतीजे और प्रबल समर्थको को भी चुनाव जिताने में सफल नहीं रहे ।

प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह चाचौड़ा विधानसभा सीट से हारे। खिलचीपुर विधानसभा सीट से प्रियवत सिंह खींची हार गए। दिग्विजय सिंह के दोस्त और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भिंड जिले की लहर विधानसभा सीट से गोविंद सिंह हार गए। दिग्विजय सिंह के सबसे दमदार समर्थक, इंदौर जिले की राऊ विधानसभा सीट से जीतू पटवारी भी नहीं जीत सके। दिग्विजय सिंह के समर्थक कालापीपल विधानसभा से प्रत्याशी कुणाल चौधरी हारे। दिग्विजय सिंह के रिश्तेदार केपी सिंह कक्काजू भी चुनाव नहीं जीत सके। इनके अलावा पुरुषोत्तम डांगी ब्यावरा, बापू सिंह तंवर- राजगढ़, काला महेश मालवीय सारंगपुर, गिरीश भंडारी नरसिंहगढ़ से हार गए हैं। इन लोगों के दिग्विजय सिंह का खास समर्थक माना जाता है।

## लक्ष्यगत हस्तक्षेप संस्था ने केंडिल जला दी एड्स से मृत लोगों को श्रृद्धाजंली

### इस रोग से स्वयं बचे और दूसरो को बचाये- कुमार



सिवनी यशोः- एचआईवी एक लाइलाज बीमारी है जो व्यक्ति इसकी चपेट में आते है उन लोगों की दर्दनाक मौत होना तय माना जाता है, हम ऐसे पीड़ित लोगों को जीवन तो नहीं दे सकते मगर उनके प्रति सवंदना जरूर व्यक्त कर सकते है लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना जो कि ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति का परिचय दे रही है वहीं इस रोग से मृत लोगों को श्रृद्धाजंली देते हुए श्रृद्धाजंली देती है उक्त उद्गार मिशन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी की प्राचार्य श्रीमति एसडी कुमार ने व्यक्त किये।

आपने बताया कि यह रोग छुआछुत से नही फैलता और ना ही हवा में इसका असर होता एड्स संक्रमित व्यक्ति परिवार नियोजन के साधनों से सुरक्षित रह सकता है आज समाज में इसके प्रति जागरूकता की आवश्यकता है शासन की ओर से ऐसे रोगियों को हर संभव मदद की जाती है।

लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना से जुड़े लोगों ने इस अवसर शपथ दिलाई गई तथा इससे बचने को लेकर जागरूक किया गया आयोजन को लेकर सभी ने इसकी भूरी भूरी प्रंशसा की साथ ही इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, इस अवसर पर मिशन कन्या शाला के सूर्या ने आभार व्यक्त किया।

## एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 दिस बर को आई टी आई सिवनी में

सिवनी यशोः- जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं आई टी आई लखनादौन के संयु ?त तत?वाधान में दिनांक 12 दिस बर 2023 को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई टी आई जिला सिवनी में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव/ जॉब फेयर का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें एल एंड टी कंपनी लखनादौन जिला सिवनी द्वारा ट्रेड- फार्मवर्क कारपेंटर] बार बेंडर एवं मेंशन के पद पर साक्षात्कार से भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 से 34 वर्ष के बीच के इच्छुक पुरूष आवेदक जो न्यूनतम 5वीं] 8वीं एवं आई टी आई उत?तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र] आधार कार्ड] रोजगार पंजीयन] अंकसूची] दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर जॉब फेयर में उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 8889900085 पर स पर्क कर सकते हैं।

## छात्राओ नें जाना भारतीय खाद्य निगम की कार्य प्रणाली

### भारत की खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करने में एफ. सी. आई का अमूल्य योगदान



सिवनी यशोः- कृषि विज्ञान केंन्द्र, सिवनी में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं कृषि महाविघालय बालाघाट की बी. एस. सी. (कृषि) चर्तुथ वर्ष छात्राओ को कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ टर शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सिवनी जिले में स्थित भारतीय खाद्य निगम एफसीआई का भ्रमण कराया गया, कृषि छात्राओ के कौशल उन्नयन एवं भविष्य में स्वरोजगार के दृष्टिकोण से यह भ्रमण उपयोगी साबित होगा। भारतीय खाद्य निगम सिवनी के प्रंबधक श्री विनोद नलवले ने विस्तार से जानकारी देते हुये बताया की निगम में खाद्य आपूर्ति एवं बफर स्टॉक को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के आदेशानुसार खाद्यान्न क्रय किया जाता है एवं भारत में कश्मीर से कन्याकुमारी एवं अरूणाचल से कच्छ तक जरूरतमंदो तक पहुचाया जाता है साथ ही प्रबंधक गुण नियंत्रण श्री वैभव मुन्द्रे, श्री विलाश लि जे, श्री नवनीत कुमार सिन्हा एवं साथी अधिकारी द्वारा छात्राओ को एफ सी आई के तीन महत्वपूर्ण कार्य, खाद्यान्न क्रय, खाद्यान्न का भंडारण एवं रखरखाव एवं वितरण व्यवस्था के विषय में बताया इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण पहलु गुणवत्ता नियत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जैसे खाद्यान्न सग्रहण के मु य घटक में नमी, कीट व्याधियो एवं उनसे होने वाली हानि तथा भंडारण के दौरान कीट नियंत्रण कर खाद्यान्न को सुरक्षित रखना व साथ ही यह भी अवगत कराया कि किस प्रकार कोरेना काल में निगम का देश की अर्थव्यवस्था व सार्वजनिक पोषण एवं स्वास्थ सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

खाद्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. जी. के. राणा ने थ्थ्प् की कृषि छात्रो के भविष्य में रोजगार के दृष्टिकोण से उपयोगिता व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रावे छात्राओं के भ्रमण के दौरान रावे प्रभारी डॉ. के. के. देशमुख, इंजी कुमार सोनी की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## मनाया गया होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा दिवस



सिवनी यशोः- बुधवार 06 दिसंबर 2023 को 77वॉ होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यालय डिस्ट्रि ट कमांडेंट होमगार्ड सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में मु य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्री सफीक खान एवं विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त डिवीजनल कमांडेंट श्री आरएन मिश्रा आतिथ्य में डिस्ट्रि ट कमांडेंट श्रीमती स्नेहलता पाठ्या तथा कार्यालय स्टाफ सिविल डिफेंस वालंटियर एवं होमगार्ड/ एसडीईआरएफ जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मु य अतिथि/ विशेष अतिथि पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात दो होमगार्ड प्लाटून एवं एक सिविल डिफेंस प्लाटून सहित मु य मु य अतिथि को सलामी दी गई एवं मु यालय से प्राप्त संदेशों का वाचन किया गया तथा कार्यालय स्टाफ एवं जवानों द्वारा बाढ़ आपदा ड्यूटी/चुनाव ड्यूटी एवं सभी ड्यूटी हेतु किए गए प्रशंसनीय कार्यों के लिए प्रशंसी पत्र प्रदान किए गए एवं अंत में आभार व्यक्त करते हुए सभी को सभी को स्वल्पाहार की व्यवस्था कराई गई एवं कार्यक्रम का समापन किया गया

## युवाओ ने ली रक्तदान करने की शपथ



छपारा यशोः- सिवनी जिले के सिवनी में देवरस सेवा संस्थान के आयोजन से युवाओं ने रक्तदान करने की शपथ ली जिसमें शिकल सेल एनिमेनिया से पीड़ित मरीज अगर पीड़ित हैं और जिन्हें रक्त की आवश्यकता हो तो संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सेन के आयोजन से यह शपथ दिलाई गई एवं जिन भी मरीज को आवश्यकता पड़ेगी खून की उनको युवाओं द्वारा रक्त डोनेशन किया जाएगा यह कार्यक्रम सिवनी जिले के समस्त ग्रामों में देवरस सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सेन के आयोजन से चलाया जा रहा है जिससे युवाओं ने रक्तदान करने की शपथ ली यह जागरूकता अभियान सिवनी जिले के समस्त ग्रामों में देवरस सेवा संस्थान के प्रचार वाहन से चलाया जा रहा है जिसमें संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सेन एवं युवाओं का सराहनीय योगदान है

## बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर मु यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया माल्यार्पण

**प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता को अर्पित किए श्रद्धासुमन**



भोपाल। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी नेताओं ने भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा एवं चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर डॉ. अंबेडकर का पुण्य स्मरण किया। पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

**बाबा साहब ने शोषितों की जिन्दगी बदलने का काम किया**

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बोर्ड ऑफिस स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मु यमंत्री श्री चौहान ने बाबा साहेब अंबेडकर के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत का संविधान लिखा और हम संविधान को प्रणाम करते हैं। उन्होंने गरीबों, दलितों और शोषितों की जिंदगी बदलने के लिए लगातार संघर्ष किया।

**बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया**

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने डॉ. अंबेडकर जी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि अंबेडकर जी ने भारत के संविधान के निर्माण के अलावा सामाजिक न्याय के साथ राष्ट्रीय एकता और अंखडता को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उनके विचारों ने हमें संविधान के मूल तत्वों पर मार्गदर्शन दिया। आज डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संकल्प लेते है कि हम उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री मखनसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री जुगलकिशोर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, पैनलिस्ट सचिन वर्मा, श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य सत्येन्द्र जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## किसानों से धान को सुखाकर एवं साफ करके ही उपार्जन केन्द्र में लाने की अपील

### किसानों को स्लॉट बुकिंग के लिए मिलेगा द्वितीय अवसर

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य दिनांक 01 दिस बर 2023 से 19 दिस बर 2023 तक संपादित किया जाना है। जिन कृषकों ने स्लॉट बुक किया है व बारिश के कारण उनकी उपज का विक्रय नहीं हो पाया है, उन किसानों को द्वितीय स्लॉट बुक कराए जाने हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर विकल्प उपलब्ध कराया गया है। जिले के समस्त किसान बंधुओं से अपील है कि खुले में अपनी उपज का भण्डारण न करें एवं मौसम साफ होने के उपरांत अपनी सुविधानुसार ई-उपार्जन पोर्टल में पुनः स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय करें ताकि आपको समार्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।

## राज्य स्तरीय मोंगली कार्यक्रम की तैयारियों के लिए प्राथमिक बैठक संपन्न


**अधिकारियों को सौपे गये आवश्यक दायित्व**



सिवनी यशोः-आगामी दिवसों में प्रस्तावित राज्य स्तरीय मोंगली बाल उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कले ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में कले टर श्री सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यानुरूप विभिन्न विभागों के अधिकारियों आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।

कले टर श्री सिंघल ने संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कले टर श्री सिंघल द्वारा अधिकारियों को उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संपूर्ण प्रदेश से शामिल होने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की आवास, खान-पान सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए आवश्यकतानुसार टेंडर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को लाने एवं ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था, कैं प अवधि के दौरान की जाने वाली सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक गतिविधियां के आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग, जिला कोषालय अधिकारी, पेंच नेशनल पार्क के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आज




सिवनी यशोः- जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिस बर 2023 को मनाया जाना है, इस अवसर पर प्रातः 9:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सिवनी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय स्टॉफ एवं एनसीसी कैडेट द्वारा नगर के स मानित जनों को झण्डे लगाने का कार्य किया जाएगा तथा उनके द्वारा दी जाने वाली राशि को दान पात्र में एकत्रित की जाएगी। एकत्रित राशि सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों के कल्याणार्थ हेतु भेजी जाएगी।

**राज्यपाल श्री पटेल का संदेश**

प्रतिवर्ष 7 दिस बर 2023 को मनाए जाने वाले सशस्त्र सेना दिवस को लेकर महामहीम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने संदेश जारी कर कहा है कि संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश 7 दिस बर 2023 को सशस्त्र सेना दिवस मना रहा है। झंडा दिवस सशस्त्र सेनाओं की प्रतिबद्ध सेवाओं के प्रति स मान प्रदर्शन की सराहनीय पहल है। सभी शहीद परिजन, पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की ढेर सारी मंगल कामनाएँ और बधाई दी हैं।

उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजन और उनके आश्रित राष्ट्, समाज का अभिन्न हिस्सा है। झंडा दिवस सशस्त्र सेनाओं के त्याग और बलिदान के प्रति आत्मीय अभिवादन का पुनीत अवसर है। विपरीत परिस्थितियों में सीमाओं की प्रतिरक्षा करने वाले सैनिकों का कल्याण देश समाज का परम कर्तव्य है। सरकार द्वारा सशस्त्र सेना के शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए है। इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। झंडा दिवस पर एकत्रित राशि शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के सुचारु और प्रभावी क्रियान्वयन में मददगार होगी। मेरा सभी प्रदेशवासियों से विनम्र अनुरोध है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस आयोजन में सहभागी बने। इस पावन प्रसंग पर पवित्र भावना के साथ आगे बढ़कर अधिक से अधिक राशि का अंशदान दे। सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

# लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ली अधिवक्तागणों की बैठक

मंडला यशोः- आगामी 9 दिस बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिये रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से माननीय एस0के0 जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने उपस्थित अधिवक्तागणों से कहा कि लोक अदालत में निराकृत होने वाले मामलों में सुलह समझौते के लिये पक्षकारों को प्रेरित करने में आप अधिवक्तागणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आपसे अपेक्षा है कि आप अपने पक्षकारों को सुलह समझौते के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रेरित करें और 9 दिस बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग दें।

प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, धारा 138 एन.आई.ऐ ट (चैक बाउन्स), तथा सिविल प्रकरणों के निराकरण हेतु प्री-सिटिंग बैठक करने के लिये भी कहा। बैठक में अधिवक्तागणों ने भी अपनी समस्याएं प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय के समक्ष रखे, जिसका निराकरण करने की बात कही गई। अधिवक्ताओं ने लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किये। बैठक में शचीन्द्र श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश, सुबोध विश्वकर्मा, प्रथम जिला न्यायाधीश, डी.आर. अहिरवार, तृतीय जिला न्यायाधीश, जे.बी.एस. राजपूत, चतुर्थ जिला न्यायाधीश, डी. आर कुमरे जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला, ब्रजेश गोयल, पंचम जिला न्यायाधीश, श्रीमती ज्योति डोंगरे शर्मा, मु य न्यायिक मजिस्टेªट, नरेश सिंह गौण न्यायिक मजिस्टेªट, श्री रामेश्वर झारिया, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, इ तियाज अ तर, सचिव जिला अधिवक्ता संघ मण्डला, वरिष्ठ अधिवक्तागण एवं अन्य विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जनता एवं प्रेस की सुझाव से विकास का रोडमेप तैयार करेंगे - संपतिया उइके

### भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से हुई अनौपचारिक चर्चा



मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी की जिले की पहली नवनिर्वाचित महिला विधायक श्रीमति संपतिया उइके के भाजपा कार्यालय में प्रेस से अनौपचारिक चर्चा करते हुए कहा कि मण्डला विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की जीत का श्रेय भाजपा की पूरी टीम को समर्पित है। आम मतदाता वैचारिक संगठन, सामाजिक संगठन मातृशक्तियों ने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से भारतीय जनता पार्टी का जीत का परचम फहराने में अपना योगदान दिया है उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने जिस आशा और उ मीद के साथ भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। उसको अक्षरशः पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। जनता और प्रेस के सुझाव से मण्डला विधानसभा क्षेत्र के विकास का रोड मेप तैयार करेंगे ताकि समय के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य पूरे हो सकें। उन्होंने मण्डला प्रेस का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समय-समय पर आपके सुझाव से विकास के कार्य करने में हमें मदद मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रेस की सकारात्मक भूमिका ने चुनाव प्रबंधन में हमें नयी दिशा दी है। प्रेस से चर्चा के दौरान विधानसभा प्रभारी श्री राजेश पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, महामंत्री भगवती श्रीधर, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय से निकला विजय जुलूस, मतदाताओं के प्रति जताया अभार



### विजय जुलूस का विधानसभा क्षेत्र में हुआ जगह-जगह स्वागत

मण्डला यशोः- मण्डला जिले में पहली बार भारतीय जनता पार्टी से महिला विधायक के रूप में श्रीमति संपतिया उइके निर्वाचित हुई। मण्डला नगर में दूसरे दिन भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जूलूस निकाला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रारंभ हुए विजय जुलूस में बड़ी सं या में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने अपनी हिस्सेदारी प्रदान करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जयघोष के नारों के साथ क्षेत्र के नागरिकों मतदाताओं के प्रति विनम्र भाव से अभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए ढोल नंगाडे और बैंड के साथ नगर के प्रमुख मार्ग बिंझिया तिराहा, लालीपुर, बस स्टेंड दीनदयाल चौक, उदय चौक, अंबेडकर चौक, बुधवारी, पड़ाव में विजय जुलूस निकाला जगह-जगह आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी। नगर में निकले विजय जुलूस में उपस्थित नवनिर्वाचित विधायक श्रीमति संपतिया उइके भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी, पूर्व विधायक शिवराज शाह शिवा भैया विधानसभा प्रभारी राजेश पाठक, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा का जगह-जगह सामाजिक संगठनों व्यापारियों ने आत्मीय स्वागत कर जीत की बधाई दी इस अवसर पर श्रीमति संपतिया उइके ने विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं के प्रति अभार व्यक्त किया। विजय जुलूस में मण्डला नगर सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी मण्डलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 148 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व बल के जवानों द्वारा किया गया रक्तदान



मंडला यशोः- 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा नियमित रूप से मण्डला जिले के जरूरतमंदों को सहायता दी जा रही है, इसी तारत य में कमांडेंट विक्रांत सारंगपाणि के निर्देशन एवं सुश्री भाग्यलक्ष्मी एस. (चिकित्सा अधिकारी) के मार्गदर्शन में जरूरतमंद को रक्त देकर सराहनीय कार्य किया। जानकारी के अनुसार किरन साहू, उम्र 22 वर्ष, निवासी मण्डला को डॉ टर प्रवीण उइके, जिला चिकित्सालय मण्डला द्वारा प्रसव उपरांत एक यूनिट 'बी पॉजीटिव' रक्त चढ़ने की सलाह दी गई, ब्लड बैंक में 'बी पॉजीटिव' रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से संपर्क किया गया। जिससे वाहिनी में तैनात हवलदार / जीडी0 राजेन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 03/12/2023 की शाम 05 बजे चिकित्सालय पहुंचकर जरूरतमंद को एक यूनिट 'बी पॉजीटिव' रक्तदान किया गया।

# गोंड कलाकार 13 दिसंबर को अपना पंजीयन कराएं

मंडला यशोः- वन्या, जनजातीय कार्य विभाग का उपक्रम को गोंड पेंटिंग के लिये जी.आई. टेग प्रदान किया गया है। अब गोंड पेंटिंग के व्यवसाय उपयोग, क्रय-विक्रय का कार्य केवल पंजीकृत अधिकृत उपयोगकर्ता ही कर सकेंगे। वन्या द्वारा अधिकृत उपयोगकर्ताओं की सूची तैयार करने हेतु गोंड कलाकारों (पेंटिंग) का पंजीयन किया जाना है। इस कार्य हेतु वन्या के प्रतिनिधि 13 दिसंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक उपस्थित रहेंगे। इच्छुक गोंड कलाकार अपनी बनाई हुई पेंटिंग्स, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण-पत्र लेकर निश्चित समय में नियत स्थान कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला में पंजीयन हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

# कन्या महाविद्यालय में भारतीय भाषासी उत्सव

### भारतीय व्यंजन गायन नृत्य होंगे

सिवनी यशोः- भाषासी दिवस के अवसर पर ने.सु.चं. वा. शा. क. महा. में आज प्रांतीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग 21 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का आर भ सरस्वती पूजन द्वारा प्राचार्य डॉ. श्रीमती अमिता पटेल ने किया। तत्पश्चात् प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पन्नालाल, श्रीमती कल्पना इंग्ले एवं महाविद्यालयीन अधिकारियों कर्मचारियों ने व्यंजनों का परीक्षण किया। विविध प्रांतीय व्यंजनों में पंजाबी, राजस्थानी दक्षिण भारतीय व्यंजन गुजराती, मराठी एवं मुगलई व्यंजन के साथ ग्रामीण व्यंजन भी रहे।

नमकीन व्यंजन में कचौड़ी स्थान राजस्थानी ब्रेड कु. दूर्वा मिश्रा प्रथम एवं म.प्र. की मटर चाट तथा पंजाबी छोले भरे सुमायला खान एम ए.1 सेम. और सुष्मिता वाकवाहे ने द्वितीय तथा अनीता कुल्हाड़े अम भागीदारी प्रा. और सरस्वती मुलगाँव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मीठे व्यंजनों में मुगलई मीठा हुमैरा खान बी काम.प्रथम एवं



कपूरकंद इशिका से सेना द्वितीय तथा चारुल चौकसे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार हैदराबादी बिरयानी कु. निशा अंजुम मो. इकबाल ने प्राप्त किया। अशोक जैन, सरस्वती, सुष्मिता इस भाषायी दिवस में विविध प्रांतों के व्यंजन के आस्वाद की एकता पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती अमिता पटेल ने सभी छात्राओं को बधाई और शुभकामना, देकर सराहना की। कार्यक्रम में मो. राशिद खान, सत्येन्द्र बघेल, सुन्दर सतनामी, संजू जैन, राकेश श्रीवास एवं सभी प्राध्यापकों का सहयोग मिला।

# दिल्ली में पढ़ाएंगे अंजनिया के डॉ. केशव

मंडला यशोः- किसान परिवार में जन्में केशव पटेल का चयन दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के पद पर हुआ है। अंजनिया ग्राम के डॉ. केशव अब दिल्ली विश्वविद्यालय में देश भर से आए विद्यार्थियों को पत्रकारिता का पाठ पढ़ाएंगे। उल्लेखनीय है कि साहित्यिक प्रतिभा के धनी डॉ. केशव ने माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातकोत्तर के पश्चात महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से पत्रकारिता में पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। चयन के पूर्व वे दिल्ली में ही जामिया मिलिया इस्लामिया में सहायक प्राध्यापक के पद पर सेवाएँ दे रहे थे। डॉ. केशव की अनेक किताबें देश और विदेश के प्रतिष्ठित प्रकाशनों से प्रकाशित चुकी हैं। उनका एक उपन्यास राग मक्कारी साहित्य जगत में चर्चित रहा है। स्वर्गीय श्री बट्टूलाल जी पटेल के पुत्र डॉ टर केशव की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, इष्ट मित्रों और ग्रामवासियों ने बधाई देते हुए शुभकामनायें दी हैं।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर / नागरिक कार्य योजना का आयोजन



मंडला यशोः- 05 दिसंबर को E/148 बटा. के.रि.पु.बल (C.R.P.F.) टाटरी थाना खटिया जिला मण्डला में ने सल उन्मूलन हेतु तैनात है नागरिक कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डोंगरिया को नागरिको के ठण्ड से बचाव हेतु कपडे जैसे जैकेट, क बल, पी.आई कोट एवं स्कूल के बच्चों को जैकेट एवं कैप इत्यादि सामान प्रदान किया गया। विकान्त सारंगपाणि कमांडेण्ट 148 वाहिनी सी.आर.पी.एफ. (मण्डला) एवं श्री मनीष कुमार (सहा0कमा0) 148 वाहिनी सी0आर0पी0एफ0 (मण्डला) एवं निरीक्षक अशोक कुमार क पनी कमाण्डर ई/148 याहिनी के नेतृत्व पूर्ण किया गया। श्रीमती भाग्यलक्ष्मी एस0 (MEDICAL OFFICER) 148 BN CRPF एवं डॉ. अर्चना सरयाम (CHO SURPATI) द्वारा लगभग 500 ग्रामीणों के स्वास्थ का निरीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया। इस कार्यकम में श्री दूपसिंह मरकाम (सरपंच डोंगरिया) कुँवर बिसेन (चौकी प्रभारी) एवं 148 बटा. के अधिनस्थ अधिकारी जवान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ई/148 वाहिनी के सभी अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों के सहयोग से पुलिस चौकी टाटरी के प्रभारी कुँवर बिसेन, एवं ग्राम पंचायत डोंगरिया के सरपंच दूपसिंह मरकाम के समक्ष वितरित किया गया।

# विश्व एड्स दिवस में किया गया विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



मंडला यशोः- एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 दिस बर 2023 को लेबर चौक में जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को एचआईव्ही एड्स के बारे में समझाया गया। साथ ही उनको एचआईव्ही की जाँच के लिए सहमति लेकर उनकी जाँच की गई। इसके साथ ही उनको यह समझाया गया कि उनका परिवार ही सब कुछ है, परिवार को लेकर अपनी जि मेदारी निभाए` योंकि आप बाहर अनेक प्रकार के समुदाय के साथ मिलकर काम करते हैं, इस कारण एचआईव्ही का खतरा बना रहता है। अतः आप अपने व अपने साथियों को एचआईव्ही की जाँच के लिए प्रेरित करें। इस जाँच शिविर में 40 मजदूरों की एचआईव्ही जाँच की गई इस शिविर का मु य उद्देश्य एचआईव्ही एड्स के प्रति भ्रांतियों को दूर करना है एवं आवश्यक दवाईयां प्रदान की गई व एचआईव्ही एड्स व कॉन्डम की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई व कंडोम वितरण किया गया।

4 एवं 5 दिसंबर 2023 को रानी अवंती बाई हायर सेकेंड्री स्कूल में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला अस्पताल से उपस्थित अधिकारिओं के द्वारा एचआईव्ही एड्स की स पूर्ण जानकारी देते हुए इससे बचाव के उपाय भी बताए गए। एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला में आने वाली समस्त गर्भवती महिलाओं की एचआईव्ही जाँच करते हुए आवश्यक समझाईश दी गई।

# आशीष सिंगौर तथा सुल्तानी उर्फ रूपनारायण एक वर्ष के लिए जिलाबदर

मंडला यशोः- आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलग्न रहने के कारण कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा आशीष सिंगौर पिता विजय सिंगौर निवासी भपसा महाराजपुर थाना, जिला मण्डला, उम्र 29 वर्ष तथा सुल्तानी उर्फ रूपनारायण पिता खिल्लू उर्फ खिलैया यादव निवासी ग्राम एवं थाना टिकरिया जिला मंडला उम्र 53 वर्ष को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला मंडला तथा उसकी सीमा से संबद्ध मध्यप्रदेश राज्य के राजस्व जिले जबलपुर, डिंडौरी, बालाघाट एवं सिवनी की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए बाहर जाने का आदेश दिया गया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। निर्बन्ध आदेश की अवधि में आशीष सिंगौर जिस-जिस थाना क्षेत्र में निवास अथवा आवागमन करेंगे, अपने आने तथा प्रस्थान करने की सूचना देंगे तथा प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे क्षेत्राधिकार वाले थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# विकास मेरा प्रथम लक्ष्य , हर महीने पत्रकारों से बैठक लूँगी - संपतिया ऊईके



मंडला यशोः- जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी ज़िले की पहली निर्वाचित महिला विधायक श्रीमति संपतिया ऊईके ने भाजपा कार्यालय मे प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस बैठक मे उन्होने प्रेस से चर्चा करते हुये कहा की मंडला विधानसभा मे भारतीय जनता पार्टी की जीत का श्रेय पूरी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ को जाता है। आम मतदाता , वैचारिक संगठन , सामाजिक संगगठन ने पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से भारतीय जनता पार्टी की जीत का परचम फहरने मे अपना योगजन दिया। उन्होने कहा की मतदाताओ ने जिस आशा और उ मीद के साथ भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है उसको पूरा करने का हर संभव प्रयास मे करूंगी। जनता और प्रेस के सुझाव से मंडला विधान सभा क्षेत्र के विकास का रोड मेप तैयार करेंगे ताकि समय के साथ अधोसंरचना विकास के कार्य पूरे हो सके। उन्हे चुनाव मे मंडला प्रेस के सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा की समय - समय पर आपके सुझाव से विकास के कार्य करने मे हमे मदद मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष भीष्म दिवेदी कहा की विधान सभा चुनाव के दोरान प्रेस की सकारात्मक भूमिका ने चुनाव प्रबंधन ने हमे नयी दिशा दी। प्रेस के चर्चा के दौरान राजेश पाठक , नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा , महामंत्री भगवती श्रीधर उपस्थित रहे।

# 9 एवं 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन

मंडला यशोः-जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं के कवरेज में सुधार की दृष्टि से प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ईएमपीएसएमए) दिवस का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में यह आयोजन आगामी कार्य दिवस पर होगा।

प्रत्येक माह उक्त शिविरों में उपस्थित होकर समस्त गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच एवं उपचार करने के लिए मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा महिला चिकित्सकों को स्वास्थ्य केन्द्र आवंटित किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार सीएचसी ब हनी बंजर के लिए डॉ. रौनक यादव, सीएचसी नारायणगंज के लिए डॉ. श्वेता पटेल, सीएचसी बिछिया के लिए डॉ. राबिया बेगम, सीएचसी नैनपुर के लिए डॉ. कामना चावला, सीएचसी मवई के लिए डॉ. मेघा पटेल, सीएचसी घुघरी के लिए डॉ. कांछी सिंह, सीएचसी मोहगांव के लिए डॉ. बी. कडोपा, सीएचसी निवास के लिए डॉ. विकसिता श्याम, सीएचसी बीजाडांडी के लिए डॉ. मीनल दुआ तथा जिला चिकित्सालय के लिए डॉ. डॉली चौधरी को आदेशित किया गया है।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास जिला मंडला ने ग्राम ग्वारा निवासी सुमती बाई की 17 अगस्त 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान संचो बाई पति मनीराम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297